राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान

- **मुकेश शर्मा**
कनिष्ठ अभियन्ता (जानपद), सीनियर ग्रेड

प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
सोलह डिविजन सभी क्षेत्र में, जल का ज्ञान बढ़ाते हैं,
सागर से लेकर ग्लेशियर तक, जल की सैर कराते हैं ।
कैसे बनती भाप पानी से, कैसे बादल आते हैं,
कैसे गिरती बर्फ धरा पर, हमको यही बतायेगी ॥

प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे जमकर हल्का होता, कैसे पानी भारी हैं,
कैसे मानसून में देरी, सूखे की तैयारी हैं ।
कैसे बाढ़ भयंकर आती, हमको यह समझायेगी ॥
प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे प्रदुषण पानी का, कैसे भूजल आता हैं,
कैसे वाटर टेबिल नीचे, घटता बढ़ता जाता हैं ।
कैसे जल तल करेंगे ऊपर, हमको यही बतायेगी ॥

प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे बाँध बँधेंगे ऊँचे, कितना पानी आयेगा,
कितनी सिल्टिंग होगी उसमें, उसका ज्ञान करायेगा ।
कितनी होगी आयु उसकी, गणना ये बतलायेगी ॥
प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे प्रबन्धन पानी का, कैसे होगा सदुपयोग,
कैसे लग जाती बीमारी, कैसे मिट जाते हैं रोग ।
पानी के ये विकट पहली, हमको यह समझायेगी ॥

प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे नेटवर्क नदियों का, कैसे उन्हें मिलायेंगे,
कितनी गहरी बनेगी नहरें, अभिकल्पन करवायेंगे ।
कैसे बूँद-बूँद मानवहित, संरक्षण का पाठ पढ़ायेगी ।।
प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
कैसे करे क्लाउड की सिडिंग, कैसे वर्षा मापेंगे,
कैसे-कैसे होते बादल, उनको यहाँ पर जाचेंगे,
कैसे फट जाता है बादल, विज्ञान यही समझायेगी ।।

प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।
अभी से इसकी गरिमा समझो, ऐसा यह संस्थान हैं,
आने वाले समय में चहुदिश, हो इसका यशगान हैं ।
कड़वी भले लगे यह पुड़िया, सारे कष्ट मिटायेगी ।।
प्यारी हैं, यह संस्था हमारी, काम बहुत यह आयेगी,
विश्व युद्ध होगा पानी पर, देश को यही बचायेगी ।।

*****